# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| FINAL EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-VII | SUBJECT- HINDI (2nd LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: - 05/03/24 | SET-1 | TIME- 3 HOURS |

***General Instructions-***

1. ***All questions are compulsory.***
2. ***The question paper consists of 15 questions divided into 4 Sections.***
3. ***There is no overall choice. However, internal choices have been provided.***
4. ***This question paper consists of 06 printed pages.***

---

## खंड–क (अपठित गद्यांश)

प्रश्न-1- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए| 5

साहसी व्यक्ति में एक अभूतपूर्व शक्ति रहती है, जिसके बल से वह दूसरे मनुष्य को दुख से बचाने के लिए प्राण तक देने को तैयार हो जाता है। धर्म, देश, जाति और परिवार वालों के ही लिए नहीं, बल्कि संकट में पड़े हुए अपरिचित व्यक्ति के सहायता के लिए भी उसी शक्ति की प्रेरणा से वह संकटों का सामना करने को तैयार हो जाता है। अपने प्राणों की वह लेशमात्र भी परवाह नहीं करता। हर प्रकार के कष्टों को प्रसन्नतापूर्वक सहता है और स्वार्थ के विचारों को वह फटकने तक नहीं देता है। साहस के लिए अवसर की राह देखने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि साहस दिखाने का अवसर प्रत्येक मनुष्य के जीवन में पल-पल में आया करता है। देश-काल और कर्तव्य का विचार करना चाहिए और स्वार्थरहित होकर साहस न छोड़ते हुए कर्तव्य-परायण बनने का प्रयत्न करना चाहिए।

क- साहसी व्यक्ति के पास कौन-सी शक्ति रहती है?

* दैवी शक्ति
* धन की शक्ति
* अभूतपूर्व शक्ति
* शारीरिक शक्ति

ख- साहसी व्यक्ति किनका मुकाबला करने को तैयार हो जाता है?

* संकटों का
* विरोधियों का
* कमज़ोर व्यक्तियों का
* सबका

ग- साहसी व्यक्ति किस बात कि परवाह नहीं करता?

* अपनी मृत्यु की
* स्वार्थ की
* दूसरों की मृत्यु की
* कमज़ोर व्यक्तियों कि

घ- साहस दिखाने का अवसर कब आता है?

* कभी-कभी आता है
* कभी नहीं आता है
* केवल एक बार आता है
* बार-बार आया करता है

ङ- स्वार्थरहित होकर साहस न छोड़ते हुए मनुष्य को क्या बनने का प्रयत्न करना चाहिए।

* कर्त्तव्य-परायण * आलसी * डरपोक * परिश्रमी

प्रश्न-2- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए| 5

भारत के पहले उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म 5 सितंबर 1888 में हुआ था। वे एक महान दार्शनिक, राजनीतिज्ञ और शिक्षक थे। उन्होंने भारत की राजनीति के साथ-साथ भारत की शिक्षा में भी बहुत अहम योगदान दिया है। वे छात्रों के पसंदीदा शिक्षक थे। हम हर साल शिक्षक दिवस सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के दिन मनाते हैं। भारत में गुरु-शिष्य परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है, शिक्षक दिवस भी उसी परंपरा को दर्शाता है। शिक्षक या गुरु का काम हमें अंधकार से निकाल कर प्रकाश की ओर ले जाना होता है। हर छात्र के जीवन में गुरु का स्थान सबसे महत्वपूर्ण होता है। वे शिक्षक ही तो होते हैं जो हमारे जीवन को सार्थक बनाने में मदद करते हैं। भारत अपना शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाता है जबकि पूरा विश्व अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस 5 अक्टूबर को मनाता है। किसी भी शिक्षक के लिए सबसे बड़ा उपहार यही होता है कि हम उनके बताये मार्ग पर चलकर जीवन में सफल हों तथा एक अच्छे मनुष्य बनें।

क) डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन क्या नहीं थे-

* दार्शनिक * राजनीतिज्ञ * शिक्षक * व्यापारी

ख) शिक्षक या गुरु का काम क्या होता है-

* हमें अंधकार से निकाल कर प्रकाश की ओर ले जाना
* हमें प्रकाश से निकाल कर अंधकार की ओर ले जाना
* प्रकाश और अंधकार दोनों की ओर ले जाना
* कहीं भी नहीं ले जाना

ग) अंतर्राष्ट्रीय शिक्षक दिवस कब मनाया जाता है –

* 5 सितम्बर को * 5 अक्टूबर को * 5 अगस्त को * 14 नवम्बर को

घ) भारत के पहले उपराष्ट्रपति का नाम क्या था –

* नरेंद्र मोदी * जवाहरलाल नेहरू
* सरदार पटेल * डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

ङ) किसी भी शिक्षक के लिए सबसे बड़ा उपहार क्या होता है-

* हम उनके बताये मार्ग पर चलकर जीवन में सफल हों तथा एक अच्छे मनुष्य बनें।
* न हम हम उनके बताये मार्ग पर चलें और ना ही एक अच्छे मनुष्य बनें।
* हम उनके बताये मार्ग पर न चलकर सफल हों तथा एक अच्छे मनुष्य बनें।
* हम उनके बताये मार्ग पर चलकर सफल हों तथा एक अच्छे मनुष्य न बनें।

## खंड–ख (व्याकरण)

प्रश्न-3- (क) किन्हीं दो शब्दों के विलोम शब्द लिखिए| 2

काल , बलवान , धनी , तरल

(ख) किन्हीं दो शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए| 2

हिमालय , दीवाली , आकुल , विराट

प्रश्न-4- (क) किन्हीं दो उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए| 2

अन , हर , प्रति , खुश

(ख) किन्हीं दो प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए| 2

दान , मान , त्व , हार

प्रश्न-5- (क) किन्हीं दो वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए| 2

जिसकी सीमा न हो , जिसमें दया हो , जिसका कोई आधार न हो

(ख) किन्हीं दो शब्दों के वर्ण विच्छेद कीजिए| 2

अनार , कहानी , बचपन , चाँद

प्रश्न-6- (क) नीचे लिखे किन्हीं दो वाक्यों को शुद्ध कीजिए| 2

1-यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है।

2-आज उसने नया पोशाक पहना है।

3-एक गिलास पानी का दीजिए।

4-भीड़ में चार पटना के व्यक्ति भी थे।

(ख) दिए गए मुहावरों में से किन्हीं दो के वाक्य बनाकर लिखिए| 2

दबे पाँव भागना , नौ-दो ग्यारह होना , पीठ थपथपाना , लोहा लेना

प्रश्न-7- (क) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार चिह्न लगाइए| 2

पतग , दिसबर , प्रशसक , आनद

(ख) दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्न लगाइए| 2

भांति , अंधेरा , हंसता , बांधकर

## खंड-ग (पाठ्य पुस्तक)

प्रश्न-8- दिए गए पद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए| 4

सुनकर बोलीं और-और
कठपुतलियाँ
कि हाँ,
बहुत दिन हुए
हमें अपने मन के छंद छुए।
मगर...
पहली कठपुतली सोचने लगी –
यह कैसी इच्छा
मेरे मन में जगी?

(क) कठपुतली कविता के कवि का नाम लिखिए|

* कबीर दास
* शिव मंगल सिंह 'सुमन'
* भवानी प्रसाद मिश्र
* जैनेंद्र कुमार

(ख) कौन-सी कठपुतली के मुँह से स्वतंत्र होने की बात कहती है?

* पहली
* दूसरी
* तीसरी
* चौथी

(ग) 'मन के छंद' शब्द का अर्थ है।

* मन में खुशी
* मन में द्वेष
* मन में द्वंद्व
* मन में लालच

(घ) बिना धागों के कठपुतली का अस्तित्व ____है।

* अच्छा है
* बेकार है
* मज़ेदार है
* बेजान है

प्रश्न-9- दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर चुनिए| 4

नगरभर में दो-चार दिनों से एक मुरलीवाले के आने का समाचार फैल गया। लोग कहने लगे-"भाई वाह! मुरली बजाने में वह एक ही उस्ताद है। मुरली बजाकर, गाना सुनाकर वह मुरली बेचता भी है, सो भी दो-दो पैसे में। भला, इसमें उसे क्या मिलता होगा? मेहनत भी तो न आती होगी!"

एक व्यक्ति ने पूछ लिया-"कैसा है वह मुरलीवाला, मैंने तो उसे नहीं देखा!"

उत्तर मिला-"उम्र तो उसकी अभी अधिक न होगी, यही तीस-बत्तीस का होगा। दुबला-पतला गोरा युवक है, बीकानेरी रंगीन साफ़ा बाँधता है।"

(क) नगर में क्या समाचार फैल गया था?

* खिलौनेवाले के आने का
* सब्जीवाले के आने का
* मदारी के आने का
* मुरलीवाले के आने का

(ख) वह आदमी मुरली कैसे बेचता था?

* गाना सुनाकर
* नाच कर
* मुरली बजाकर
* भालू नचाकर

(ग) मुरलीवाले की कितनी उम्र होगी?

* पच्चीस-तीस वर्ष
* तीस-बत्तीस वर्ष
* चालीस-बयालिस वर्ष
* पचास वर्ष

(घ) मुरलीवाला कैसा साफ़ा बाँधता था?

* भोजपुरी साफ़ा
* जयपुरी लाल साफ़ा
* बीकानेरी रंगीन साफ़ा
* अजमेरी नीला साफ़ा

प्रश्न-10- किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए| 8

प्रश्न-1 'एक तिनका' के कवि कौन हैं?

प्रश्न-2 चुन्नू और मुन्नू के पास कौन सा खिलौना था?

प्रश्न-3 किसने नदियों को लोकमाता कहा है?

प्रश्न-4 सच्चे मित्र की परख कब होती है?

प्रश्न-5 कौन से महीने में बादल सिर्फ गरजते हैं,बरसते नहीं हैं?

प्रश्न-6 लेखिका ने मोर-मोरनी को कितने रूपए में ख़रीदा था?

प्रश्न-7 बड़े मियाँ कौन थे?

प्रश्न-8 खंभा,पेड़ और लैटरबक्स कहाँ थे?

प्रश्न-9 लैटरबक्स को सभी लोग क्या कहकर पुकारते थे?

प्रश्न-11- किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए| 10

प्रश्न-1 आँख में तिनका पड़ने के बाद घमंडी की क्या दशा हुई?

प्रश्न-2 मुरलीवाले का व्यवहार बच्चों के साथ कैसा था?

प्रश्न-3 पाठ के लेखक को नदियों में किसके रूप प्रतीत होते हैं?

प्रश्न-4 सच्चे मित्र की क्या विशेषता होती है?

प्रश्न-5 मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए?

प्रश्न-6 खंभे को बरसात की रात क्यों पसंद नहीं थी?

प्रश्न-7 क्या आपने कभी किसी की मदद की है? यदि हाँ तो कब किस रूप में?

प्रश्न-12- किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए| 9

प्रश्न-1 कवि की सारी अकड़ क्यों भाग गई?

प्रश्न-2 हमारे जीवन में नदियों का क्या महत्व है?

प्रश्न-3 हमें वृक्ष और सरोवर से क्या शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए?

प्रश्न-4 लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं?

प्रश्न-5 एकांकी के अनुसार पेड़ ने अपने बारे में क्या विचार प्रस्तुत किए हैं?

प्रश्न-6 पेड़ और खंभे में दोस्ती कैसे हुई?

## खंड-घ (लेखन कार्य)

प्रश्न-13- किसी एक विषय पर संवाद लिखिए| 5

**'कलम का कॉपी से', सब्जीवाले और ग्राहक का वार्तालाप|**

प्रश्न-14- **'नीम टूथ पेस्ट'** पर एक सुंदर विज्ञापन तैयार कीजिए| 5

या

'**वाशिंग पाउडर निरमा'** कंपनी के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

प्रश्न-15- चाचाजी को पत्र लिखकर उनके द्वारा आपके '**जन्म-दिवस पर भेजे गए ऊपहार के लिए धन्यवाद'** व्यक्त करते हुए पत्र लिखिए। 5

या

आपने हाल ही में विद्यालय की ओर से '**स्कूल पिकनिक'** का भ्रमण किया। अपने मित्र को पत्र लिखकर भ्रमण के अनुभव साझा कीजिए।

☺☺☺☺☺☺☺☺☺